-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन सभागार में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई मीटिंग । पेंशनर्स की समस्याएं सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा- निर्देश।**
- **साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों/पुलिस पेंशनर्स को किया गया सम्मानित तथा साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक।**

विवरण- आज दिनांक 24.10.2026 को श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं, पारिवारिक पेंशन, लंबित प्रकरणों एवं अन्य व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित शाखाओं/अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए तथा पेंशनर्स को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पुलिस पेंशनर्स के कल्याण व उनकी समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों के लिए निरंतर सराहनीय कार्य करने वाले पदाधिकारियों/पेंशनर्स को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई तथा कहा गया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस परिवार के प्रति उनका समर्पण एवं सहयोग प्रेरणादायी है। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस पेंशनर्स को साइबर सुरक्षा के संबंध में भी जागरूक करते हुए उन्हें साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने से होने वाले संभावित नुकसान के प्रति सचेत किया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। मीटिंग के दौरान पुलिस पेंशनर्स की वर्तमान समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए सुझावों को भी गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर पुलिस पेंशनर्स के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के प्रति पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री बेलास यादव सहित पुलिस पेंशनर्स आदि मौजूद रहें।